Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# AWES

## Previous Year Paper

### PGT 2012 - Hindi

Teachingninja.in

# ARMY WELFARE EDUCATION SOCIETY
## WRITTEN TEST PAPER FOR TEACHERS SELECTION: 09 DEC 2012
## PART-'B' : HINDI (PGT) : SUBJECT CODE : (P12)
## GENERAL INSTRUCTIONS

1. DO NOT open this booklet until you are asked to do so.

2. FILL SCHOOL CODE, REGN NUMBER ON OMR ANSWER SHEET CAREFULLY AND SIGN ON THE RIGHT BOTTOM CORNER OF OMR SHEET.

3. Total duration of the test is 2 Hours and Maximum Marks are 120.

4. There are a total of 90 multiple choice questions. Fill up serial 1 to 90 of OMR All questions are objective type. All questions carry equal marks. Question 91 A & B are Essay type, each carry ing 15 marks (Total 30 marks), to be answered on separated sheet provided with the questions book let.

5. DO NOT write anything on this question booklet.

6. After the test, please return this booklet along with OMR-Answer sheet and handwritten answer sheet to the invigilator.

7. You are not allowed to leave the examination hall before 1300h.

**Instructions for filling the OMR Sheet**

8. Read instructions printed on the OMR Sheet carefully before answering. Each item has four choices; A, B, C and D. Each choice is denoted by a circle. Shade the appropriate circle using Blue/Black Pen. Be absolutely sure of your option before shading the circle since you are not permitted to erase your response once shaded. More than one response will make your answer invalid. There is NEGATIVE MARKING for wrong answer.

**Rough Work**

9. For any rough work use the separate sheet provided along with the text booklet. DO NOT do any rough work on the answer sheet or any other paper.

Teachingninja.in

Teachingninja.in

## PAPER - B
## WRITTEN TEST PAPER FOR SELECTION OF TEACHERS : CSB 2013
## HINDI(PGT) : SUBJECT CODE : P12

1. भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वाला शास्त्र कहलाता है।
   A साहित्य B उपनिषद
   C व्याकरण D निबन्ध

2. पद और छंद किस साहित्य के उदाहरण हैं?
   A गद्य B पद्य
   C प्राचीन D कविता

3. अक्षरों की खोज लगभग कितने साल पहले हुई?
   A दो हजार B चार हजार
   C तीन हजार D छः हजार

4. उर्दू भाषा की लिपि कौन-सी है?
   A देनवागरी B रोमन
   C अरबी D फारसी

5. भाषा का कौन-सा रूप बोली कहलाता है?
   A अल्पविकसित B विकसित
   C अविकसित D बहुविकसित

6. भारतीय संविधान में कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है?
   A 24 B 25
   C 26 D 22

7. हिन्दी को राजभाषा कब बनाया गया ?
   A 14 सितम्बर 1950 B 16 सितम्बर 1949
   C 14 सितम्बर 1949 D 16 सितम्बर 1950

8. मराठी भाषा की लिपि है:-
   A फारसी B देवनागरी
   C रोमन D अरबी

9. 'कुरूक्षेत्र' पुस्तक के रचनाकार हैं:-
   A रामधारी सिंह दिनकर B सुमित्रानंदन पंत
   C महादेवी वर्मा D मोहन राकेश

10. श्रीमद्भगवत गीता के रचयिता हैं:-
    A बाल्मीकि B श्रीकृष्ण
    C तुलसीदास D महर्षि वेदव्यास

11. 'आधे-अधूरे' नाटक के रचनाकार हैं
    A महादेवी वर्मा B मोहन राकेश
    C डा. नगेन्द्र D अज्ञेय

12. रामचरितमानस में कितने कांड हैं?
    A आठ B नौ
    C सात D पांच

13. शुद्ध शब्द चुनिए
    A अध्यन B अध्ययन
    C अध्य्यन D अध्ययण

14. शुद्ध शब्द चुनिए
    A श्रृंखला B श्रृखला
    C शृंखला D शृखंला

15. शुद्ध शब्द चुनिए
    A आर्शीवाद B आशीर्वाद
    C आशीवार्द D अर्शीवाद

16. 'ईदगाह' कहानी की रचना किसने की?
    A सुदर्शन B जयशंकर प्रसाद
    C चतुर्सेन शास्त्री D प्रेमचंद

17. निम्नलिखित सन्धि-विच्छेदों की उचित संधि चुनिए-
    अनु + मति
    A अनुइति B अनुति
    C अन्विति D अन्वति

18. निम्नलिखित सन्धि-विच्छेदों की उचित संधि चुनिए-
    भौ + उक
    A भौउक B भावूक
    C भावुक D भाउक

19. जिन शब्दों में लिंग, वचन, कारक आदि के कारण परिवर्तन आ जाता है, वे शब्द कहलाते हैं-
    A अविकारी B विकारी
    C यौगिक D रूढ़

20. क्रिया विशेषण, सम्बन्ध बोधक, समुच्यबोधक तथा विस्मयादिबोधक शब्द कहलाते हैं
    A अविकारी B योगारूढ़
    C विकारी D यौगिक

21. संस्कृत के जो शब्द ज्यों-के-त्यों हिन्दी में प्रयोग किए जाते हैं, वे शब्द कहलाते हैं
    A तद्भव B रचनात्मक
    C तत्सम D अविकारी

Teachingninja.in

22. निम्न शब्दों के विलोम शब्द चुनिए – विरोध
A साथ B सहयोग
C समर्थन D सहकार

23. निम्न शब्दों के विलोम शब्द चुनिए-निर्मल
A अस्वच्छ B मलिन
C मैला D गंदा

24. निम्न शब्दों के विलोम शब्द चुनिए-मूर्ख
A ज्ञानी B विद्वान
C बुद्धिमान D चतुर

25. 'सादर' शब्द में कौन सा समास हैं
A तत्पुरूष B बहुब्रीहि
C द्वन्द्व D अव्ययीभाव

26. रेखांकित शब्दों के एक शब्द छांटिए
कृष तेज बुद्धि वाला बालक है।
A तीव्रबुद्धि B बुद्धिमान
C तेजस्वी D कुशाग्रबुद्धि

27. सरिता कम खाती है।
A अल्पाहारी B अल्पभोजी
C आहारक D निराहारी

28. गीता मेरे साथ काम करती है।
A सहपाठी B सहकर्मी
C सहयोगी D साथी

29. 'मालगुड़ी की दुनिया' पुस्तक की रचना किसने की?
A अजय शर्मा B प्रेमचंद
C आशा गुप्ता D आर. के. नारायण

30. 'धौंकनी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-
A अनी B कनी
C नी D ईय

31. 'कलकतिया' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है
A तिया B कतिया
C इया D या

32. 'इत्यादि' शब्द में प्रत्यय है
A आदि B यादि
C अदि D यदि

33. कर्मधारय समास का उदाहरण है
A प्रतिक्षण B कमलनयन
C पंचरत्न D रात दिन

34. किस शब्द में तत्पुरूष समास है
A दशानन B ध्यानमग्न
C यथासंभव D अनपढ़

35. द्विगु समास के लिए शब्द चुनिए-
A देश निकाला B मंद बुद्धि
C महात्मा D पंजाब

36. रचना के आधार पर शब्द के कितने भेद हैं?
A दो B तीन
C चार D पांच

37. निम्न शब्दों के उचित बहुवचन विकल्पों में से चुनिए
विद्यार्थी
A विद्यार्थीजन B विद्याथीगण
C विद्याथी लोग D विद्यार्थियों

38. निम्न शब्दों के उचित बहुवचन विकल्पों में से चुनिए
मित्र
A मित्रों B मित्रजन
C मित्रलोग D मित्रगण

39. अयोध्या नगरी किस नदी के किनारे है?
A गंगा B गोमती
C सरय D यमुना

40. 'बाहर कोई खड़ा है' में कोई शब्द है
A निजवाचक सर्वनाम
B निश्चयवाचक सर्वनाम
C अनिश्चयवाचक सर्वनाम
D प्रश्नवाचक सर्वनाम

41. रेखांकित में सर्वनाम का भेद है-
माली ने पौधों को स्वयं पानी दिया
A पुरूषवाचक B निश्चयवाचक
C निजवाचक D सम्बन्ध वाचक

42. शब्द पद कब बन जाता है?
A जब स्वतंत्र रूप से उसका प्रयोग हो
B जब वह शब्द पद कहलाए
C जब वह वाक्य का महत्वपूर्ण शब्द हो
D जब वह वाक्य में व्याकरण के नियमों के साथ प्रयुक्त हो

43. 'तुम' के सही विशेषण पर निशान लगाइए
A तुम्हें B तुम्हारा
C तेरा D तुमको

Teachingninja.in

44. 'फेन' का सही विशेषण छांटिए

A फेना B फेनल

C फेनिल D कोई नहीं

45. खड़ी बोली का सर्वप्रथम लोकप्रिय कवि कौन माना जाता है?

A अमीर खुसरो B भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

C सियारामशरण गुप्त D मैथिलीशरण गुप्त

46. 'कामायनी' के रचयिता कौन हैं?

A महादेवी वर्मा B जयशंकर प्रसाद

C मैथिलीशरण गुप्त D रामधारी सिंह दिनकर

47. 'रसीदी टिकट' निम्न में से किसकी आत्मकथा है

A खुशवंत सिंह B अमृता प्रीतम

C अमृतराय D वियोगी हरि

48. निम्न शब्दों से बनी नामधातु क्रियाएं चुनिए साठ

A सठियाना B सठिया जाना

C सठ D साठा

49. 'शर्म' शब्द की नामधातु क्रिया है

A शर्मीला B शर्मिंदगी

C शर्मिंदा D शर्माना

50. वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए ढ़लती उम्र

A अधेड़ B युवा

C वयोवृद्ध D अधड़

51. प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है?

A मैथिलीशरण गुप्त B सुमित्रानंदन पंत

C जयशंकर प्रसाद D सियाराम शरण गुप्त

52. 'कागद मसि छुऔ नहिं कलम गहि नहिं हाथ' पंक्ति किस कवि के व्यक्तित्व को चरितार्थ करती हैं

A कबीरदास B सूरदास

C रहीमदास D तुलसीदास

53. निम्नलिखित में से कौन सी कृति प्रेमचंद द्वारा रचित नहीं हैं?

A गोदान B बड़े भाई साहब

C यशोधरा D कफन

54. यहां प्रस्तुत विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिए

A संन्यासी B संयासी

C सन्यासी D संनयासी

55. यहां प्रस्तुत विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिए

A माणिग्रहण B पाषीग्रहण

C पाणिगृहन D पाणीगृहण

56. 'घुटुरून चलत रेनु तन मंडित, मुख दधि लेप किए' पंक्ति किस कवि द्वारा रचित हैं?

A रविदास B तुलसीदास

C सूरदास D कबीरदास

57. 'लट लटकनि मनु मत्त मधुपगन पादक मधुहिं पिए' में कौन सा अलंकार है?

A यमक B श्लेष C रूपक D उत्पेक्षा

58. 'हेरि हियो जु लियो हरि जू हरि' में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

A रूपक B यमक

C उत्प्रेक्षा D अतिश्योक्ति

59. 'अंधेर नगरी' नाटक के रचयिता हैं

A भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र B मोहन राकेश

C प्रेमचन्द D शुक्ल

60. 'सांध्यगीत' की रचना की है

A सुमित्रानंदन पंत B महादेवी वर्मा

C महाकवि देव D सुभद्राकुमारी चौहान

61. सुदामा पांडेय 'धूमिल' की प्रसिद्ध काव्य कृति कौन सी है?

A हस्तक्षेप B युगधारा

C संसद से सड़क तक D पलाशवन

62. 'चन्द्रशेखर' शब्द में समास है

A कर्मधारय B द्वन्द्व

C तत्पुरूष D अव्ययीभाव

63. निम्न में से कौन सा क्रिया विशेषण का भेद नहीं है?

A निषेधवाचक B रीतिवाचक

C स्थानवाचक D कालवाचक

64. 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' लोकोक्ति का अर्थ है

A दूसरों से लड़ पड़ना

B लज्जित होना

C परेशान होना

D किसी बात पर लज्जित होकर क्रोध करना

65. 'डॉक्टर ने रोगी को दवा दी' कारक का भेद लिखिए

A कर्म B सम्प्रदान

C कर्त्ता D अपादान

59. 'ऋण एक ऐसा मेहमान है जो आकर जाने का नाम नहीं लेता' किस लेखक की पंक्ति है?

A विष्णु प्रभाकर B प्रेमचंद

C महादेवी वर्मा D मोहन राकेश

Teachingninja.in

67. कौन सा पात्र महाभारत में नहीं है?
   A भीष्मपितामह B अश्वत्थामा
   C गाँधारी D मंदोदरी

68. (.,) प्रस्तुत विराम चिह्न का उचित विकल्प छांटिए
   A अल्पविराम B अर्धविराम
   C उपविराम D पूर्ण विराम

69. (:) इस विराम चिह्न को कहते हैं
   A अपूर्ण विराम B अर्ध विराम
   C निर्देशक चिह्न D योजक चिह्न

70. इनमें से कौन सा शब्द अंग्रेजी भाषा का नहीं है?
   A टिफिन B फाईल
   C साइकिल D सड़क

**निर्देशः निम्नलिखित अनुच्छेद में से कुछ शब्द निकाल दिये गए हैं। अनुच्छेद को पढ़कर उसका विषय समझिए और दिये गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए तथा निर्देशानुसार चिह्न लगाइए। (प्र. 71-80)**

मनुष्य सभी वस्तुओं का प्रतिमान है। केवल उसी को प्रकृति ऐसी है जिसमें पदार्थ से लेकर परमात्मा तक के प्रकृत स्वरूप के प्रत्येक स्तर का समावेश होता है। मनुष्य अपने - (1) - शरीर से अपने आप को पृथक कर सकता है और एक - (2) - चेतना को प्राप्त कर सकता है जो उसके - (3) - आत्म तत्व की प्रकृति दिशा है। अनवरत अभ्यास एवं - (4)-के द्वारा मनुष्य चाहे तो स्वयं को अपनी विशुद्ध सत्ता तक अथवा उस कर्ता तक जो अपने को सबसे - (5) - करता है, ले जा सकता है और उस व्यवधान हीनता तथा - (6) - की स्थिति में पहुंच सकता है, जिसमें जाकर सब - (7) - समाप्त हो जाते हैं। - (8) - धर्म का यह मूलभूत सत्य है कि हमारी आत्मा अपने - (9) - रूप में परमात्मा रूप का - (10) - करे और प्रबुद्ध होकर अपने को वही समझने लगे। यह समझना मनुष्य को 'एकोडाहं बहुस्याम' की स्थिति में पहुंचा देगा।

71. A पंचभौतिक B आधिभौतिक
   C आध्यात्मिक D आधिदैविक

72. A विद्युत B विषम
   C विरूद्ध D विशुद्ध

73. A अनिवासी B अविकारी
   C अविनीत D अविघ्नम्

74. A संशय B संभव
   C संयग D समय

75. A प्रतिबिम्बित B प्रतिष्ठित
   C विशिष्ट D परिचालित

76. A एकपद B एकत्व
   C एकतरा D एकचर

77. A उद्वेग B उपेन्द्र
   C उदक D उत्थान

78. A आस्थापित B आदित्य
   C आतिथ्यम् D आध्यात्मिक

79. A वार्तिक B वार्षिक
   C वास्तविक D वाचिक

80. A उद्योग B अन्वेषण
   C सर्वेक्षण D निरर्थक

**निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिएः** (प्र.81-85)

देखो प्रिय, विशाल विश्व को आंख उठाकर देखो,
अनुभव करो हृदय से यह अनुपम सुषमाकर देखो।
यह सामने अथाह प्रेम का सागर लहराता है,
कूद पडूं तैरूं इसमें, ऐसा जी में आता है।।
रत्नाकर गर्जन करता है मलयानिल बहता है,
हरदम यह हौसला हृदय में प्रिये! भरा रहता है।
इस विशाल, विस्तृत, महिमामय रत्नाकर के घर के,
कोने-कोने में लहरों पर बैठ फिरूं जी भर के।।
निकल रहा है जलनिधि-तल पर दिनकर-बिंब अधूरा,
कमला के कंचन-मंदिर का मानो कांत कंगूरा।
लाने को निज पुण्यभूमि पर लक्ष्मी की असवारी,
रत्नाकर ने निर्मित कर दी स्वर्ण-सड़क अति प्यारी।।

81. कवि आंख उठाकर किसे देखने को कह रहा है?
   A विशाल विश्व की सुंदरता को
   B विशाल विश्व को
   C हृदय की सुंदरता को
   D विशाल विश्व की प्रकृति को

82. कवि का मन क्या चाहता है?
   A लहराते हुए सागर में कूदना
   B प्रेम रूपी सागर में लहराना
   C प्रेमरूपी सागर में कूदने व तैरने की इच्छा रखता है
   D लहराते सागर में तैरना

83. कवि के हृदय में क्या हौसला भरा रहता है?
   A लहरों पर बैठकर दुनिया के कोने-कोने में घूमने का
   B लहरों पर बैठकर सागर के कोने-कोने में घूमने का
   C लहरों के साथ ऊपर-नीचे उठने और गिरने का
   D लहरों के साथ गर्जना करने का

Teachingninja.in

84. उगते हुए सूर्य की कवि ने किस रूप में कल्पना की है?

A लक्ष्मी के मंदिर के चमकते हुए कलश के रूप में

B लक्ष्मी के मंदिर के चमकते अधूरे बिंब के रूप में

C लक्ष्मी के सोने से बने मंदिर के चमकते गुंबद के रूप में

D लक्ष्मी के शीशे के मंदिर के चमकते हुए गुंबद के रूप में

85. इस पद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

A रत्नाकर का गर्जन B विश्व की सुंदरता

C महिमामय रत्नाकर D कंचन-मंदिर

**निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनकर लिखिए: (प्र.86-90)**

परंपरागत अर्थों में रहस्यवाद आत्मा और परमात्मा के संबंध में रचित काव्य है, पर आज की रहस्यवादी रचनाओं को समग्रत: ऐसा नहीं कहा जा सकता। इस सृष्टि में आकर मनुष्य अपने चारों ओर जो कुछ देखता है, वह एक विचित्र रहस्य से आवृत है। बड़े-बड़े मनीषी भी युगों तक खोज करके इस समस्त विश्व-प्रपंच के रहस्य का उद्‌घाटन नहीं कर पाए हैं, किन्तु दीर्घकाल तक विचार और साधना करने के पश्चात् उन्हें ऐसा अनुभव हुआ कि इस समस्त संसार का संचालन किसी अदृश्य सत्ता द्वारा हो रहा है। उस अदृश्य सत्ता को ब्रह्म या परमात्मा भी कहा जा सकता है। उस अदृश्य सत्ता को खोजने और उससे मिलने के लिए वे साधक बेचैन हो उठे। जब एक बार उस सत्ता का ज्ञान हो गया, फिर उससे मिले बिना चैन कहां? ऐसी दशा में विरह की व्याकुलता का वर्णन अनेक साधकों ने बड़े मर्मस्पर्शी शब्दों में किया हैं, किन्तु इसमें कठिनाई यह है कि जिस ब्रह्म या अज्ञात सत्ता के प्रेम में वे पागल हो उठे हैं, उसके गुणों का या रूप का कुछ वर्णन कर पाना संभव नहीं है। सभी साधकों ने एक स्वर से यही बात कही है कि वह बुद्धि और विवेक या तर्क से परे हैं; उसे इंद्रियों द्वारा जाना नहीं जा सकता। हृदय द्वारा उसका अनुभव किया जा सकता है, परंतु वह अनुभव गूंगे के गुड़ के समान है। उस अनुभव का आनंद तो लिया जा सकता है, किन्तु उसका वाणी से वर्णन नहीं किया जा सकता।

86. रहस्यवाद क्या है?

A आत्मा और परमात्मा के रहस्य से जुड़ा हुआ

B आत्मा और परमात्मा से संबंधित काव्य

C आत्मा और परमात्मा जगत की विवेचना

D आत्मा और परमात्मा जगत से परे काव्य

87. दीर्घकाल तक विचार करने के बाद मनीषियों को क्या अनुभव हुआ?

A यह संसार अपने-आप संचालित है।

B यह संसार किसी अदृश्य शक्ति से प्रभावित है।

C यह संसार अदृश्य शक्ति से संचालित है।

D यह संसार मनुष्य की विशिष्ट शक्ति से संचालित है।

88. अदृश्य सत्ता से मिलने के लिए साधक बेचैन क्यों हैं?

A वे उस अज्ञात सत्ता के प्रेम में पागल हो गए हैं।

B वे उस अज्ञात सत्ता के वश में हो गए हैं।

C वह अदृश्य सत्ता उन पर हावी हो गई है।

D वे उस अदृश्य और अज्ञात सत्ता के बिना जी नहीं सकते।

89. ब्रह्म का वर्णन करने में कठिनाई क्या है?

A वह बुद्धि और तर्क से परे हैं।

B उसे इंद्रियों द्वारा जाना नहीं जा सकता।

C उसका वाणी से वर्णन नहीं किया जा सकता।

D उपरोक्त सभी।

90. 'विवेक' शब्द का अर्थ छांटिए।

A सब-कुछ पता होना

B किसी को निर्णय देना

C सही-गलत का निर्णय न ले पाना

D सही-गलत का निर्णय कर सकने की क्षमता

91. निम्नलिखित विषयों पर लघु निबंध लिखिए (15 + 15)

A नाश के भय से कभी नहीं दबता निर्माण का सुख

B आदमी वही जो किसी की आँख के आँसू पी सकता है।

Teachingninja.in

**91.** निम्नलिखित विषय पर लघु निबंध लिखिए (15 **Marks**)

**A** नाश के भय से कभी नहीं दबता निर्माण का सुख

Teachingninja.in

**91.** निम्नलिखित विषय पर लघु निबंध लिखिए (15 **Marks**)

**B** आदमी वही जो किसी की आँख के आँसू पी सकता है।

Teachingninja.in